**NEWS CLIPPING:09.10.2022**

# IMPRESSIVE TIMES

# JC Bose University constituted New Students' Council

Urvashi
info@impressivetimes.com



**FARIDABAD :** To give representation to students in various activities for institutional development and student welfare, J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has constituted new Students' Council for the year 2022-23. The Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar met the newly constituted Students' Council and congratulated the representative new office-bearers on their selection for the Students' Council. Describing students' welfare and their holistic development as his priority, Prof. Tomar called upon the members of the Students' Council to give their constructive cooperation in the overall development of the University. The office bearers assured the Vice Chancellor of their cooperation for the academic excellence and progress of the University. Dean of Student Welfare Prof. Lakhwinder Singh and Dr. Anuradha Pillai were also present on this occasion. Detailing about the selection process adopted for the constitution of the Students' Council, the Dean of Student Welfare Prof. Lakhwinder Singh informed that taking into consideration of representation from all the academic disciplines, the selection of new office-bearers for the Students' Council has been made among the candidates nominated by their respective Teaching Departments. As many as 48 nominated candidates participated in the selection process followed by the conduction of interviews of the candidates by a selected panel constituted by the office of the Dean of Student Welfare. The positions of the candidates in the Students' Council have been allocated to them based on their active participation in various activities at the University level. Accordingly, Divyanshu, a student of B.Tech. (Mechanical Engineering) has been nominated as President of the Council. Similarly, Sahil Kaushik of BSW was selected as Vice President, Sourabh Kaushik from M.A. (JMC) was selected as Secretary, and Bharti Godara of BBA was selected as Joint Secretary. Also, five executive members were selected for the Students' Council which include Yogesh, Sanjana, Jai Mudgil, Rudra Aggarwal, and Parveen Goyal. The selection process was concluded in the presence of a six-member committee including Prof. Lakhwinder Singh, Prof. Munish Vashisht, Prof. Pardeep Dimari, Dr. Anuradha Sharma, Dr. Pawan Malik, and Dr. Anuradha Pillai.

**NEWS CLIPPING:09.10.2022**

# AAJ SAMAJ

# जेसी बोस विवि में छात्र परिषद का गठन

**फरीदाबाद।** संस्थागत विकास और छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने वर्ष 2022-23 के लिए नई छात्र परिषद का गठन किया है। नवगठित छात्र परिषद् के सदस्यों ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से मुलाकात की। कुलपति ने छात्र परिषद के नए सदस्यों को उनके चयन पर बधाई दी। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह और डॉ. अनुराधा पिल्लई भी उपस्थित थे।

छात्र परिषद के गठन के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह ने बताया कि सभी अकादमिक विषयों से प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए छात्र परिषद के लिए नए पदाधिकारियों का चयन शैक्षणिक विभागों द्वारा नामित उम्मीदवारों में से किया गया है।



कुलपति प्रो. एसके तोमर के साथ नवगठित छात्र परिषद के सदस्य।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा गठित चयन पैनल द्वारा संचालित साक्षात्कार में लगभग 48 नामांकित उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के आधार पर छात्र परिषद में उम्मीदवारों को पद आवंटित किए गए। इस तरह बीटेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) के छात्र दिव्यांशु को परिषद का अध्यक्ष नामित किया गया है। इसी तरह बीएसडब्ल्यू के साहिल कौशिक को उपाध्यक्ष, एमए (जेएमसी) के सौरभ शुक्ला को सचिव और बीबीए की भारती गोदारा को संयुक्त सचिव चुना गया। छात्र परिषद के पांच कार्यकारी सदस्यों का भी चयन किया गया है जिनमें योगेश, संजना, जय मुदगिल, रुद्र अग्रवाल और प्रवीन गोयल शामिल हैं।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:09.10.2022**

## HADOTI ADHIKAR

# छात्रों का सर्वांगीण विकास विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता : कुलपति

### जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में छात्र परिषद का गठन, कुलपति ने की मुलाकात



**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 8 अक्टूबर। संस्थागत विकास और छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने वर्ष 2022-23 के लिए नई छात्र परिषद का गठन किया है।

नवगठित छात्र परिषद् के सदस्यों ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से मुलाकात की। कुलपति ने छात्र परिषद के नए सदस्यों को उनके चयन पर बधाई दी। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को अपनी पहली प्राथमिकता बताते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने आह्वान किया कि छात्र परिषद के सदस्य विश्वविद्यालय के समग्र विकास में अपना रचनात्मक सहयोग दें। छात्र परिषद के सदस्यों ने भी कुलपति को विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा समग्र विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह और डॉ. अनुराधा पिल्लई भी उपस्थित थे।

छात्र परिषद के गठन के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह ने बताया कि सभी अकादमिक विषयों से प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए छात्र परिषद के लिए नए पदाधिकारियों का चयन शैक्षणिक विभागों द्वारा नामित उम्मीदवारों में से किया गया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा गठित चयन पैनल द्वारा संचालित साक्षात्कार में लगभग 48 नामांकित उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के आधार पर छात्र परिषद में उम्मीदवारों को पद आवंटित किए गए।

इस तरह बीटेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) के छात्र दिव्यांशु को परिषद का अध्यक्ष नामित किया गया है। इसी तरह बीएसडब्ल्यू के साहिल कौशिक को उपाध्यक्ष, एमए (जेएमसी) के सौरभ शुक्ला को सचिव और बीबीए की भारती गोदारा को संयुक्त सचिव चुना गया। छात्र परिषद के पांच कार्यकारी सदस्यों का भी चयन किया गया है जिनमें योगेश, संजना, जय मुदगिल, रुद्र अग्रवाल और प्रवीन गोयल शामिल हैं। छात्र परिषद के सदस्यों का चयन प्रो. लखविंदर सिंह, प्रो. मुनीश वशिष्ठ, प्रो. प्रदीप डिमारी, डॉ. अनुराधा शर्मा, डॉ. पवन मलिक और डॉ. अनुराधा पिल्लई सहित छह सदस्यीय समिति की उपस्थिति में किया गया।

**NEWS CLIPPING:09.10.2022**

# HINDUSTAN

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में छात्र परिषद का गठन

- छात्र दिव्यांशु को परिषद का अध्यक्ष नामित किया
- साक्षात्कार में 48 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता। छात्र कल्याण की विभिन्न गतिविधियों में छात्रों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से जेसी बोस विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने वर्ष 2022-23 के लिए नई छात्र परिषद का गठन किया है। नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से मुलाकात की। कुलपति ने छात्र परिषद के नए सदस्यों को उनके चयन पर बधाई दी।

विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को अपनी पहली प्राथमिकता बताते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने आह्वान किया कि छात्र परिषद के सदस्य विश्वविद्यालय के समग्र विकास में अपना रचनात्मक सहयोग दें। छात्र परिषद के सदस्यों ने भी कुलपति को विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा समग्र विकास में सहयोग का आश्वासन दिया।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा गठित चयन पैनल द्वारा संचालित साक्षात्कार में लगभग 48 नामांकित उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। इस तरह बीटेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) के छात्र दिव्यांशु को परिषद का अध्यक्ष नामित किया गया है। बीएसडब्ल्यू के साहिल कौशिक उपाध्यक्ष, एमए (जेएमसी) के सौरभ शुक्ला को सचिव और बीबीए की भारती गोदारा को संयुक्त सचिव चुना गया।